# अनुवांच्छित बालो को हटाने की अस्थाई विधियां (Temporary removal of superflous hairs)


उद्देश्य : इस अध्याय के अंत में आप सीख पायेंगें
- बालो की संरचना की व्याख्या करने मे सक्षम
- बालो के विकास चक्र का वर्णन
- सुपरफ्लश हेयर के अर्थ को परिभाषित करना
- अनचाहे बालो को हटाने के विभिन्न तरीको का वर्णन

बाल की बनावट - बाल मुख्य रूप से एक कठोर पदार्थ कैराटिन नामक प्रोटीन से बना होता है। जो हमारी त्वचा और नाखूनो मे भी मौजूद होता है बाल मे कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन और सल्फर की मात्रा अलग अलग होती है।

1 बाल शाफट **(Hair Shaft)** - यह दिखाई देने वाला भाग है जो त्वचा के बाहर होता है।

2 बाल जड **(Hair Root)** - यह भाग त्वचा के अंदर होता है जिसे हम अपनी नग्न आंखो से नही देख सकते है।

चित्र 1




हेयर शॉफ्ट को तीन परतो में विभाजित किया जाता है।

1 मेडयूला - यह बाल की आंतरिक परत है जो बाल को लम्बाई और मौटाई प्रदान करती है।

2 कोर्टेक्स - यह बाल की मध्य परत है जो की रंगहीन होती है और कोर्टेक्स को सुरक्षा प्रदान करती है।

3 क्यूटिकल - यह बाल सबसे बाहरी परत है जो की रंगहीन होती है और कोर्टेक्स को सुरक्षा प्रदान करती है।

बालो के बनावट की जानकारी के बाद विभिन्न प्रकार की संरचनाए भी है जो बाल की जड से जुडी रहती है

1 हेयर फालिकल - यह एक उगली की तरह का प्रक्षेपण है जो बालो की जड को पकडता है

प्रत्येक बाल को एक कूप की आवश्यकता होती है।

2 हेयर पौपिला - यह बालो को पोषण का मुख्य स्त्रोत है क्योकि यह रक्त वाहिकाओ और नसो के साथ अच्छी तरह आपूर्ति करता है बालो कोपैपिला से अपना पूरापोषण मिलता है पैपिला के नष्ट हो जाने पर बाल नही उग सकते है।

3 हेय बल्ब - यह पैपिला के ठीक ऊपर कसकर फिट रहता है हेयर बल्ब को पैपिला द्वारा पोषित किया जाता है।

4 द एरेक्टर पिल पेशी मसल्स - यह कूप के निचले हिस्से से जूडी रहती है इस मसल्स के कारण जब हमे डर या ठंड लगती है तो हमारे शरीर के बाल खडे हो जाते है।

5 तैलीय ग्रन्धियां - प्रत्येक कूप मे एक या अधिक तल ग्राथियां पसीने की ग्राथियां जुडी होती है

**Hair Growth Cycle** (बालो का विकास चक्र) -
बाल त्वचा के नीचे कूप या जड़ से बढता है रोमकूप के आधार पर रक्तवाहिकाओ द्वारा बालो को पोषण दिया जाता है जितना की उन्हे उगने के लिए आवश्यक होता है बाल उगने और झडने के बीच चार चारणो से होकर गुजरता है।

1 एनाजेन चरण **(Anagen Phase)** - यह बढता हुआ चरण है जो 2 से 7 वर्ष तक रहता है और हमारे बालो की लम्बाई निर्धारित करता है।

2 कैटोजन चरण **(Catagen Phase)** - यह सक्रमण चरण हे जो लगभग दस वर्ष तक रहता है इसमें रोम कूप सिकुड जाते है और पैपीला से अलग हो जाते है।

3 टलोजेन फेज **(Telogen Phase)** - यह रेस्टिग फेज होता है जो लगभग 3 महीने तक चलता है लगभग 10-15 प्रतिशत तक बाल इस चरण में होते है।

4 एक्सोजेन फेज **(Exogen Phase)** - यह रेस्टिंग फेज का एक हिस्सा है जब पूराने बाल झडते है तो वहां नये बाल लगातार उगते रहते है 50 से 150 बाल तक रोज गिरना बाल झडने की सामान्य स्थिति में आता है।

**Meaning of Superflous Harir Its Purpose of Remoning Hair**

सुपरफ्लश हेयर का अर्थ - हमारे शरीर के विभिन्न भाग जैसे बाजू टॉग चेहरे आदि पर जो छोटे छोटे अनचाहे बाल उग आते है जो देखने मे अच्छे

नही लगते और हमारी सुन्दरता को भंग करते है सुपर फलश हेयर कहलाते है इसका वैज्ञानिक नाम हाइपरट्राइकोसिस है।

सुपर फलश हेयर हटाने के उददेश्य -

1 जूँ पिस्सू और अन्य परजीवियो द्वारा सक्रमण को रोकने के लिए

2 किसी भी जीवाणु संक्रमण को रोकने के लिए

3 स्वच्छता उददेश्य के लिए

4 सौदर्यीकरण उददेश्य के लिए

अनचाहे बालो को हटाने के विभिन्न तरीके -

बालो को हटाने की अस्थायी विधियां दो श्रेणियो मे आती है

1 डेपिलेशन

2 ऐपिलेशन

डेपीलेशन - यह अनचाहे बालो को त्वचा की सतह से हटाने की विधि है दूसरे शब्दो मे यह केवल बालो के उस हिस्से को हटाता है जो त्वचा के बाहर दिखाई देता है इस विधि मे बालो की जड़ प्रभावित नही होती है

डेपीलेशन से सम्बन्धित अनचाहे बालो को हटाने की विधियां निम्न प्रकार है

1 शोविंग - यह रेजर की सहायता से किया जाता है जो दो प्रकार के होते है इलैक्ट्रिक और मैनुअल रेजर

2 डेपिलेट्री क्रीम - यह रासायनिक क्रीम है जो रासायनिक रूप से बालो को हटाने का काम करती है।

3 फ्रिक्शन / एबरेसिव पेपर - घर्षण अपघर्षण कागज

यह एक घर्षण युक्त खुरदुरी सतह वाले एबरेसिव पेपर का प्रयोग बालो को हटाने के लिए किया जाता है लेकिन यह एक पुरानी विधि है।

4 प्यूमिक स्टोन यह अस्थायी रूप से अनचाहे बालो को हटाने की एक पुरानी तकनीक है जब अन्य तरीके नही थे यह खुरदूरे मोटे छिद्रो वाला एक प्रकार का पत्थर होता है जो विशेष स्थान पर लगातार पत्थर रगडकर बालो को हटा देता है।

एपीलेशन - इस विधि में बाल अस्थायी रूप से जड़ से निकाल दिये जाते है परन्तु इसमें हेयर रूट स्थायी रूप से नष्ट नही होता है इसलिए बाल कुछ सप्ताह बाद पुन कूप से बाहर निकल आते है

एपीलेशन से सम्बन्धित अनचाहे बालो को हटाने की विधियां निम्न प्रकार है

1 थ्रेडिग और ट्रिवजिंग - अनचाहे बालो को जड से हटाने की यह अस्थायी विधियां है

थ्रेडिग करने के लिए थ्रेड को घुमाकर त्वचा पर रखकर बालो को निकाल देगे यह बालो को हटाने कीचाइनीज विधि है इसमें 40 न. धागे का प्रयोग करते है इसका प्रयोग शरीर के सभी भागो पर किया जा सकता है।

ट्रिविजिंग की प्रक्रिया एक प्लकर या ट्रवीजर नामक औजार द्वारा बाल को बालो की दिशा में खीचकर पूरी की जाती है इसे प्लकिंग भी कहते है

2 Waxing वैक्सिंग - वैक्सिंग अनचाहे बालो को हटाने की एक लोक्रप्रीय विधि है क्योकि यह प्राकृतिक चीजो से बना है और इससे एक बार में एक बडे स्थान के बालों को हटाया जा सकता है वैक्स की एक पतली लेयर त्वचा पर लगाकर उसे छिद्रपूर्ण स्ट्रिप्स की सहायता से बाल की विपरीत दिशा मे झटके से निकाल दिया जाता है।

वैक्स मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है

ए) कोल्ड वैकस - वैक्स को सहनीय तापमान तक गर्म करके प्रयोग किया जाता है

बी) हॉट वैक्स / गर्म वैक्स - वैक्स को प्रयोग से पूर्व गर्म करेगे इस वैक्स का प्रयोग चेहरे के बालो को रिमूव करने के लिए किया जता हे यह पैराफिन वैक्स से बनी होता है यह 48 68 ड्रिग्री तापमान पर पिघलती है

3 Sugaring सुगरिंग - सुगरिंग वैक्सिग के समान एक चिपचिपा पेस्ट होता है लेकिन वैक्स से कुछ भिन्न होता है।

4 Rotary Epilators रोटरी एपीलेटर - रोटरी एपीलेटर एक ऐसा उपकरण है तो तेजी से बालो को पकडते है और उन्हे जड़ से खीचते है यह मूल रूप से बैटरी और विघुत से संचलित होते है।

PRODUCT KNOLEDGE

उत्पाद की जानकारी

यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि उत्पाद कैसे बनाया जाता है उत्पाद का कैसे बनाया जाता है उत्पाद का मूल्य उत्पाद का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए और कौन से उत्पाद अच्छी तरह से एक साथ काम करते है कॉस्मैटोलॉजिस्ट के रूप में आपको उस उत्पाद के बिंदुओ को याद रखना चाहिए जिसका आप प्रयोग करने जा रहे है किसी भी लापरवाही से बचने के लिए किसी न किसी तरह की सर्जिकल क्रीम का प्रयोग अवश्य करें

ALLERGY TEST PATCH TEST

एलर्जी टेस्ट / पैच टेस्ट

कई लोगो को अनिर्धारित कारणो से जैसे खाघ पदार्थो सौदर्य प्रसाधनो दवाओ पौधो जानवरो आदि में एलर्जी होती है कुछ ग्राहक पहले से ही संवेदनशील होते है त्वचा का लाल पडना खुजली उत्पन्न होना दाने आना उत्पाद के रिएक्शन के कारण हो जाता है।

एलर्जी अथवा पैच टैस्ट अंवछित बालो को हटाने के किए गये उत्पादो के लिए इस्तेमाल किए गये उत्पादो के लिए किया जाता है यह गाहक की एलर्जी की पहचान करने मे सहायता करता है सामान्यत एलर्जी टेस्ट उत्पाद के प्रयोग से 24 48 घंटे पहले किया जाता है यदि टेस्ट किए गए क्षेत्र में कोई प्रतिक्रिया नही होती है तो उत्पाद प्रयोग के लिए सुरक्षित माना जाता है

परीक्षण के लिए उपयुक्त क्षेत्र

1 कोहनी की भीतरी तह

2 कान के पीछे का भाग

निम्नलिखित बिन्दुओ पर ध्यान दे

1 रिकार्ड कार्ड पर इंगित करे कि पैच कहां और कब किया गया है

2 उत्पाद ब्रांड और क्लाइंट पर उपयोग किए जाने वाले सूत्र का संकेत दे

3 एक ही उत्पाद ब्रांड और सूत्र का उपयोग पैच टेस्ट केपरिणाम के बाद दी

जाने वाली अंतिम सेवा के दौरान किया जाना चाहिए।

4 क्लांइट ड्रैपिग और सेल्फ प्रोटेक्शन याद रखने के लिए सबसे महत्पूर्ण पहलू है

5 निर्माता के निर्देशो का पालन करना चाहिए

6 परीक्षण करने के बाद विशेष क्षेत्र को केवल साफ पानी से साफ करें

7 परीक्षण के बाद उस विशेष पर किसी भी प्रकार के रसायन का उपयोग न करें और किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया का निरीक्षण करने के लिए 24 घंटे के लिए विशेष क्षेत्र की जांच करें

सावधानियां -

1 जिस क्षेत्र पर चोट लगी हो वहां पैच टेस्ट नही किया जाना चाहिए

2 उत्पादो की समाप्ति तिथि को निश्चित तौर पर चेक कर लेना चाहिए

3 उत्पाद को उगुली अथवा स्पैचुला की सहायता से लगाया जाना चाहिए

4 किसी भी प्रकार की जलन अथवा परेशानी होने पर उत्पाद को तुरंत हटा दें

5 कभी कभी पैच टेस्ट के परिणाम ज्यादा ही खराब दिखे तो डॉक्टर की सलाह ली जानी चाहिए

Client Consulatation

ग्राहक परामर्श

ग्राहक परामर्श एक तथ्य खोज मिशन है और सेवा का पहला भाग है जिसे आप अपने ग्राहको को देते हे इससे हमे यह पता चलता है कि क्लाइंट के विचार और आवश्यकताएं क्या है इससे हमें उसे सही तरीका सुझाने मे मदद मिलेगी और हमारे क्लांइट को हम पर अधिक विश्वास होगा एक पेशेवर परामर्श क्लांइट और कास्मैटोलजिस्ट के बीच एक आधर पर आयोजित किया जाता है यह रिसेप्शन क्षेत्र में या स्टाइलिग स्टेशन पर भी हो सकता है आपके परामर्श की सफलता आपकी क्षमता पर निर्भर करेगी क्लांइट को किसी भी कंसलेट शन का ही भाग माना जाता है यादि कंसलटेशन के समय कास्मैटोलर्जिस्ट को किसी भी प्रकार की एलर्जी चोट की जानकारी मिलती है तो डॉक्टर से परामर्श लेने का सुझाव देना चाहिए

1 सही प्रश्न पूछे

2 अपने क्लांइट के उत्तरो को ध्यान से सुनें

3 व्याख्या करें कि क्लांइट क्या कह रहा है

4 जो कहा गया है उसकी पुष्टी करे और जांचे कि इससे आप दोनो सहमत है।

procedure प्रक्रिया

Procedure Of Hot Wax

हॉट वैक्स की प्रक्रिया

Upper lips Waxing Procedure

अपर लिप्स की वैक्सिंग प्रक्रिया

1 वैस को हॉट प्लेट पर पिघलने तक गर्म करे

2 वैक्स का तापमान चैक करे

3 हॉट वैक्स प्रयोग करने से पूर्व चेहरे को साफ करे

4 होठ के उपरी क्षेत्र पर वैक्स करने के लिए उसे दो भागो मे विभाजित करें एक मध्य से दाये कोने तक ओर दूसरा मध्य से बायें कोने तक

5 मध्य से दायें कोने की तर फ वैक्स की पतली लेयर स्पैचुला की सहायता से लगायें और तर्जनी ऊगुलीयो से बालो की दिश मे वैक्स काक दबायें

6 प्रेस करने के बाद वैक्स स्ट्रिप को नेल की सहायता से बालो की विपरीत दिशा मे बैडेज की तरह खीचकर निकाल दे।

7 इसी प्रकार होंठ के दूसरी ओर भी वैक्स एप्लाई करे।

8 तत्पश्चात खुले हुये रोम छिद्र को बन्द करने के लिए एस्ट्रिजेण्ट से त्वचा के उस भाग को साफ करेंगे

सावधनियां

1 हमेशा जिस दिशा में बाल बढ रहे है उसी दिशा मे वैक्स लगायें

2 वैक्स हटाते समय त्वचा को टाइट पकडे

3 मोल्स मस्से सनबर्न रैशेज कटी और छिली हुयी त्वचा पर कभी वैक्स न लगाये

4 क्लाइट पर प्रयोग करने से पूर्व उत्पाद पर दिये गये निर्माता के निर्देश अवश्य पढे

5 आपको उचित परामर्श तकनीक का प्रयोग करना चाहिए

PROCEDURE OF COLD WAX

कोल्ड वैक्स की प्रक्रिया

FULL ARM AND LEG WAXING PROCEDURE

पूरी बाजू और टांग की वैक्सिंग प्रक्रिया

1 वैक्स को सहनीय तापमान तक गर्म करें

2 उस स्थान को एस्ट्रेजेण्ट से साफ कर ले जहां वैक्स प्रयोग करनी है

3 अब उस भाग पर टेलकम पाउडर लगायें

4 सहनीय तापमान वाली वैक्स को स्पैचुला की सहायता से बालो की दिशा मे लगाये

5 अब इस पर कॉटन स्ट्रिप या सिलोफिन स्ट्रिप चिपकाकर कर बालो की दिशा मे हाथ फेरेगे

6 त्वचा को एक हाथ से टाइट पकडते हुये स्ट्रिप को बालों की विपरीत दिशा मे झटके से खीचे।

7 इसी तरह से बाकी जगह पर एक से छ तक सभी चरणे को प्रयोग करके अनचाहे बालों को हटा दें।

8 गर्म पानी में भिगोए हुए नम तौलिया से त्वचा को साफ करे।

9 अब उस क्षेत्र पर मसाज क्रीम लगाकर स्टेप वाइज स्टेप हल्की मसाज की